





नवभारत 09
इंदौर, शुक्रवार, 27 मार्च, 2026


## एक नजर में

### सेवा सदन प्रबंधन महाविद्यालय की छात्रा गजाला परवीन मशरूवाला का जिले में प्रथम स्थान




**बुरहानपुर।** सेवासदन प्रबंधन महाविद्यालय, बुरहानपुर के एमबीए (फुल-टाइम) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें छात्र/छात्राओं ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया। बुरहानपुर जिले एवं महाविद्यालय में छात्रा गजाला परवीन मशरूवाला ने 76.75 प्रतिषत अंक प्राप्त कर पुन: प्रथम स्थान अर्जित किया। महाविद्यालय में द्वितीय स्थान पर रोशनी चिचड़वानी 74.75 प्रतिषत तथा तृतीय स्थान पर साक्षी जरीवाला ने 72.87 प्रतिषत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जिले का नाम गौरवांवित किया।

छात्र/छात्राओं की की उत्कृष्ट सफलता पर सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। साथ ही समिति सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, प्रबंधन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राहुल राठौर, प्रो. कल्याणी पाटिल, प्रो. इषिका कटियारे, प्रो. वैष्णवी कुवादे, प्रो. दक्षा शाह एवं महाविद्यालयीन स्टॉफने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्र/छात्राओं को बधाई दी है।

### नारायण नगर गृह निर्माण संस्था के नवनिर्वाचित संचालक मंडल द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह

**बुरहानपुर।** नारायण नगर गृह निर्माण संस्था के नव निर्वाचित संचालक मंडल द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह को आयोजन दिनांक 29 मार्च रविवार को लखनवाटिका नारायण नगर में शाम 7 बजे नारायण नगर गृह निर्माण संस्था के नव निर्वाचित संचालक मंडल द्वारा वृद्ध स्तर पर पारिवारिक मिलन समारोह रखा गया है। यह कार्यक्रम ठीक 7 बजे शुरू किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों का स्वागत सत्कार किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में नारायण नगर ग्रह निर्माण संस्था के पितृ पुरुष भूतपूर्व अध्यक्ष श्री सदाशिव पाटिल साहब का नवनिर्वाचित संचालक मंडल द्वारा स्वागत किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में नारायण नगर परिवार से करीब 20 वर्किंग वूमेंस का स्वागत किया जाएगा। जिन्हें एक शानदार मोमेंटो भी उपस्थित जन प्रतिनिधि द्वारा प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनिय है कि नारायण नगर गृह निर्माण संस्था का नव निर्वाचित संचालक मंडल गठन हुआ है जिसमें अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा आशीष शुक्ला का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। उक्त कार्यक्रम में 20 महिलाओं का सम्मान भी है। उपरोक्त जानकारी नीरज कक्कड, उपाध्यक्ष, नारायण नगर गृह निर्माण संस्था बुरहानपुर द्वारा दी गई।

### एकझिरा प्राथमिक स्कूल के दो विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन



**बुरहानपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला एकझिरा के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है कि विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों पीयूष दगडू चव्हाण और गौरव साइदास चव्हाण का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है,बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के समर्पण का भी प्रतिफल है। विद्यालय में जनशिक्षक धनराज महाजन एवं शिक्षक संजय राठौड़ द्वारा विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों का फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया गया स्वागत । इस सफलता को और भी विशेष बना देता है। यह सम्मान न केवल इन बच्चों के उत्साह को बढ़ाता है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। प्रधानाध्यापक दिगंबर महाजन और विजय चव्हाण के निरंतर मार्गदर्शन,कठिन परिश्रम और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि शिक्षक पूरी लगन से कार्य करें, तो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी बडे से बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

### 8 वीं क्लास में प्रणिता तायड़े ने 85 प्रतिशत हासिल कर पाया प्रथम स्थान



**बुरहानपुर।** बुधवार को कक्षा 5वीं व 8वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें ज्ञान प्रबोधिनी स्कूल शाहपुर में कक्षा 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 8 वीं में प्रणिता सतीश तायड़े ने 85ण्65ः लाकर विद्यालय में प्रथम श्रेणी हासिल कर आठवीं क्लास पास किया। प्रणिता सतीश तायड़े ने शाला में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने पर दादा मोहन तायड़े पापा सतीश तायड़े अंकल आशीष तायड़े ने उनके उज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर अभिवादन किया।

### मां इच्छादेवी मंदिर ट्रस्ट ने किया कन्या पूजन



**इच्छापुर।** मां इच्छादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवमी के दिन कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। दर्शन को आने वाली छोटी कन्याओं का विद्यालय की प्राचार्य आमोद मैडम द्वारा पूजन,अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ट्रस्टियों द्वारा पूजन किया गया। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी ने दी।

### श्रीराम मंदिर में राम जन्म उत्सव उत्साह के साथ मनाया



**इच्छापुर ।** ग्राम इच्छापुर में श्रीराम मंदीर में राम जन्म उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 6 बजे से ही श्रीराम जी के दर्शन करने भक्तगण आ रहे थे ,यह सिलसिला चलता रहा। दोपहर 12 बजे के अंकुशदेव महाराज द्वारा रामायण पाठ का वाचन किया गया। पश्चात भगवान श्रीराम जी प्रभु की पूजा अर्चना कर आरती की गई एवं भजनो का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके बाद रामफल के प्रसाद का वितरण हुवा । शाम 5 बजे श्रीरामजी की शोभा यात्रा निकालकर ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए रात 9 बने श्रीराम मंदीर पहुंची। जहां श्री राम भक्तो को जल पान कराया गया । पश्चात शोभा यात्रा का समापन हुवा।

# मां वाघेश्वरी मेले की भव्य भक्ति संध्या, श्रद्धा और संस्कृति का दिव्य संगम






**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** ग्राम धामनगांव में आयोजित माँ वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले के अंतर्गत भव्य भक्ति संध्या का आयोजन श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक गरिमा के साथ निरंतर जारी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बुरहानपुर की लोकप्रिय विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के मार्गदर्शन में संचालित यह मेला जन.जन को आस्था,संस्कृति और सेवा से जोड़ते हुए एक विराट जनउत्सव का स्वरूप ले चुका है।

भक्ति संध्या में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति पूरे आयोजन को एक अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण प्रदान कर रही है। जय श्रीराम और जय माता दी के गगनभेदी उद्घोषों के बीच इंडियन आइडल फेम सुप्रसिद्ध गायक स्वर राहुल जी ने अपने सुमधुर,भावपूर्ण और ओजस्वी भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने मेरे घर राम आए, श्राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी , श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, ओ पालनहारे निर्गुण और न्यारे जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं हिंदी एवं मराठी में प्रस्तुत गणपति स्तुति, पारंपरिक वारकरी भजन तथा सागर तर मडला जैसी प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूर्णत: भक्तिमय बना दिया और श्रद्धालु झूमते नजर आए। भक्ति संध्या के दौरान मंच की भव्य सजावट, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं सुव्यवस्थित आयोजन ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

मेले की एक विशेष पहचान यह भी है कि विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस विगत 17 वर्षों से ग्राम धामनगांव में साधारण झोपड़ी में निवास कर जनसेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। वे प्रतिदिन जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं एवं युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनती हैं और उनके समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

मेला परिसर में सजी हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, खिलौने एवं स्थानीय खान.पान की दुकानों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है।

### विशाल रक्तदान शिविर और सुप्रसिद्ध कलाकार अरुण मनी लख्खा की प्रस्तुति आज

मेले के अंतर्गत 27 मार्च 2026 शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला चिकित्सालय में रक्त की कमी को दृष्टिगत रखते हुए इस शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा हैए ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

इसी क्रम में 27 मार्च को शाम 6 बजे से सुप्रसिद्ध कलाकार अरुण मनी लख्खा की भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित होगी। इसके पश्चात भंडारे के साथ मेले का समापन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस प्रकार माँ वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला आस्था, संस्कृति, जनसेवा और सामाजिक सरोकारों का सशक्त संगम बनकर क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा,सामाजिक समरसता और जनजागरण का संदेश निरंतर प्रसारित कर रहा है।

## म्यूजिकल फाउंटेन-हरित उद्यान से संवरेगी रेणुका झील, महापौर का निरीक्षण

### रेनुका झील पर चल रहे उन्नयन,अपग्रेडेशन कार्यों का स्थल निरीक्षण ।



**बुरहानपुर।** नगर निगम बुरहानपुर की महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने आज निगम आयुक्त एवं अधिकारियों के साथ रेनुका झील पर चल रहे उन्नयन,अपग्रेडेशन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा के पालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

महापौर ने बताया कि इस वर्ष रेणुका झील में जल भराव का कार्य भी किया जाएगा, जिससे झील का जलस्तर बनाए रखने में सहायता मिलेगी। साथ ही नगर निगम द्वारा झील में आकर्षक म्यूजिकल फाउंटेन स्थापित किए जाएंगे,जो झील के सौंदर्यीकरण को नया आयाम देंगे। इसके अतिरिक्त झील के चारों ओर हरित उद्यान विकसित करने एवं व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्य भी किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर महापौर ने छोटी रेणुका माता मंदिर के पास स्थित नाले पर इंटरसेप्शन डाइवर्जन कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से ताप्ती नदी में मिलने वाले पूरे शहर के गंदे पानी फिल्टर कर ताप्ती नदी में छोड़ा जाएगा। जिससे जल संरक्षण के साथ.साथ शहर की स्वच्छता व्यवस्था में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

निरीक्षण के दौरान महापौर द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के मुख्य चौराहों का चरणबद्ध तरीके से सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्य प्रस्तावित किया जाए,ताकि यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो एवं शहर का सौंदर्य बढ़े। महापौर पटेल ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के समग्र विकास के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त, यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के नेतृत्व में आज दिनांक 26/03/26 को पुलिस फ़ोर्स द्वारा शहर के थाना क्षेत्रों से होते हुए निकाला गया। पुलिस कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर,सुभाष चौक,गांधी चौक, फूल चौक, भाई साहब की हवेली,नया मोहल्ला, तिलक हाल, प्रतापपुरा, रियाजपहलवान की होटल,शिकारपुरा पानी की टंकी क्षेत्र में भ्रमण करता हुआ समाप्त किया गया।फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित,थाना प्रभारीकोतवाली, शिकारपुरा,गणपति नाका, लालबाग, यातायात एवं शहर के चारों थाने का पुलिस बल सम्मिलित रहा। बुरहानपुर पुलिस कि आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैए तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तीन साल की उम्र से ओम राठौड़ ने वृक्षारोपण किए, लगभग 60 पौधे पेड़ बन गए



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** तीन साल की उम्र से ओम राठौड़ ने वृक्षारोपण किए लगभग 60 पौधे पेड़ बन गए। बतादे कि जन्मदिन पर आज तक कभी केक नहीं काटे उनकी स्थान पर वृक्षारोपण गायत्री यज्ञ ओर दीप उत्सव से जन्मदिन मनाए। आज के समय में जहाँ जन्मदिन का अर्थ केवल केकए पार्टियाँ और दिखावे तक सीमित हो गया हैए वहीं ओम राठौड़ ने एक नई और प्रेरणादायी परंपरा स्थापित की है। मात्र तीन वर्ष की आयु से शुरू हुआ उनका वृक्षारोपण का संकल्प आज भी निरंतर जारी है।

हर रविवार पौधों को पानी देनाए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभानाए और जन्मदिन जैसे विशेष अवसर पर वृक्षारोपणए गायत्री यज्ञए दीप उत्सव तथा पक्षियों के लिए दाना.पानी की व्यवस्था करनाकृये सभी कार्य ओम की संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति उनके प्रेम को दर्शाते हैं। 16 वर्षों तक बिना केक काटे, प्रकृति सेवा के माध्यम से जन्मदिन मनाना वास्तव में एक अद्भुत उदाहरण है। यह संदेश देता है कि सच्चा उत्सव वही है जो समाज और पर्यावरण के लिए उपयोगी हो।

इस प्रेरणा के पीछे उनके पिताए पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ का भी महत्वपूर्ण योगदान हैए जिन्होंने स्वयं हजारों पेड़ लगाकर और हर जन्मदिन पर पौधे भेंट कर एक हरित सोच को जन.जन तक पहुँचाया :- यदि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो धरती फिर से हरियाली से भर सकती है। ओम राठौड़ जैसे युवा हमें सिखाते हैं कि बदलाव उम्र का मोहताज नहीं होताए बल्कि संकल्प और संस्कार का परिणाम होता है। आइएए हम भी उनके इस हरित अभियान से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएँ और उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लें।

### उपचार हेतु 1 लाख 65 हजार की आर्थिक सहायता

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद अंतर्गत उपचार सहायता के रूप में प्रशासन द्वारा राहत राशि दी जाती है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने 2 प्रकरणों में 1,65,000/- एक लाख पैंसठ हजार रुपयेद्ध की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## दरगाह हजरत चुपशाह वली के उर्स पर होंगे कई विशेष आयोजन



**बुरहानपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हजरत चुपशाहवली दरगाह में 26,27 एवं 28 मार्च को दरगाह हजरत चुपशाहवली का वार्षिक उर्स मनाया जा रहा है। जिसमे जिले भर एवं अन्य राज्यों से हजारो श्रद्धालु महिला,पुरुष ,बच्चे शामिल हो रहे है।

शुक्रवार को दोपहर 4 बजे दरगाह से संदल निकला ,जो इकबाल चौक होते वापस दरगाह पहुचा । रात्रि 10 बजे महफ़िल ए मिलाद शरीफ दरगाह परिसर में पढ़ी जाएगी। उर्स में म.प्र.के साथ साथ महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान एवं अन्य राज्यों से भी खलीफा हजरात व् मुरिदेंन पीर भाई भी उपस्थित होते है ,जो अपनी मुरादे पूरी होने व अकीदत के साथ चादर पेश करते है, दादा पीर ए सादउल्ला मियां ,अलहाज मसूद शाह मदनी मिया ,हाफ्ज़ि मुस्तकीम शाह मदनी के आस्ताने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते है। 28 मार्च को फजर नमाज बाद कुल शरीफ एवं फातेहा खानी पश्चात प्रात: 10 बजे से लंगर, आम भंडारा होगा। दरगाह प्रबंधक सज्जादा नशीन ए हाजी मोहम्मद नजीर शाह मदनी करमशा बाबा ने सभी जायरीनो से अधिक से अधिक संख्या में शिरकत की गुजारिश की। इस अवसर पर पत्रकार ए.जी. कुरेशी एवं समाजसेवी राकेश पुर्वे ,शेख आवेज सावदा ने मोहम्मद नजीर शाह मदनी करमशा बाबा का पुष्पहार से स्वागत किया। इस दौरान मालवा अंचल से अनके मुरीद उपस्थित थे।

## विधायक चिटनिस ने 74 हितग्राहियों को वितरित की 1 .60 करोड़ की सहायता राशि



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने ग्राम धामनगांव स्थित माँ वाघेश्वरी माता मंदिर परिसर में आज मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बुरहानपुर जिले के 74 हितग्राही परिवारों को कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण किया। यह राशि मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के जरिए अंतरित की गई।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला छिंदवाड़ा से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य अतिथि में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसे ग्राम धामनगांव में मां वागेश्वरी ग्रामोदय मेले में कार्यक्रम आयोजित कर प्रसारण किया गया। ग्राम धामनगांव में भी बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री संबल योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से असंगठित श्रमिकों एवं जरूरतमंद परिवारों को संकट की घड़ी में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से हितग्राहियों को सीधे उनके खातों में राशि पहुंचने से पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है और पात्र लोगों को समय पर सहायता मिल रही है। उन्होंने लाभान्वित परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सहायता उनके जीवन में संबल प्रदान करेगी और कठिन समय में सहारा बनेगी। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया तथा इस योजना को जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत असंगठित वर्ग के श्रमिकों को विभिन्न परिस्थितियों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे समाज के कमजोर वर्ग को सुरक्षा और सहारा मिल सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, देवानंद पाटिल, मनोहर चौधरी, अमोल पाटिल,अशोक राठौर, विश्वनाथमहाजन सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन सामाजिक सरोकारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**एक नजर** — कृषक कल्याण वर्ष : कृषक कल्याण वर्ष में प्राकृतिक खेती को मिल रहा बढ़ावा...

## खेत-खेत पहुंचकर किसानों को बताए जा रहे हैं प्राकृतिक खेती के फायदे : देवके

### जिले में 20 क्लस्टरों के माध्यम से किसानों को दिया जा रहा प्रशिक्षण




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** प्रदेश सहित जिले में कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों को खेती की लाभकारी पद्धतियों से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले में प्राकृतिक खेती के लिये किसानों को प्रेरित करने और उन्हें प्राकृतिक खेती सीखाने हेतु 20 क्लस्टरों का गठन किया गया है। क्लस्टरों के माध्यम से विभाग द्वारा किसानों के खेतों पर जाकर प्रशिक्षण और प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैंए जिससे किसान कम लागत में सुरक्षित और लाभकारी विधि अपनाकर उन्नत खेती कर सके। यह प्रयास पर्यावरण संरक्षण एवं मिट्टी की उत्पादन क्षमता को बनाये रखने में सहायक होगा। प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी की सेहत को बेहतर रखा जा सकता है।

**खेत स्तर पर दिया जा रहा प्रशिक्षण:-** उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजर अनिल रावत द्वारा ग्रामों में फील्ड स्तर पर किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों की जानकारी दी जा रही है। किसानों को जीवामृत, बीजामृत और घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक घोल खेत पर ही तैयार करने की विधि बतलाई गयी। इसके साथ ही फसलों को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने तथा फसल सुरक्षा के लिए प्राकृतिक उपायों की भी जानकारी दी गयी। फील्ड अधिकारियों के जरिये जिले में प्राकृतिक खेती को प्रभावी रूप से अपनाने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों से अपील भी की जा रही है कि वे प्राकृतिक खेती अवश्य अपनाएं।

**मृदा स्वास्थ्य कार्ड. मृदा की गुणवत्ताए पोषण स्तर की पहचान:-** प्राकृतिक खेती के साथ.साथ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल हैए जिसके तहत किसानों को उनकी मिट्टी की गुणवत्ता और पोषण स्तर की विस्तृत जानकारी दी जाती है। प्रत्येक 2.3 वर्ष में मिट्टी परीक्षण के माध्यम से फसल उत्पादन बढ़ाने और अनावश्यक उर्वरक खर्च कम करने में सहायक है।

**पर्यावरण और मृदा के लिए लाभदायक:-** प्राकृतिक खेती एक संतुलित और भविष्य उन्मुख खेती पद्धति मानी जाती है। इससे मृदा की उर्वरता बढ़ती है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। इस पद्धति में केंचुए जैसे लाभकारी सूक्ष्म जीवों का संरक्षण होता हैए जिन्हें किसान का मित्र भी कहा जाता है। इसके अलावा लेडीबगए लेसविंगए परजीवी ततैयाए ग्राउंड बीटल और हॉवरफ्लाई जैसे लाभकारी कीट हानिकारक कीटों को नियंत्रित कर फसल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**प्राकृतिक उत्पादों के लिये बाजार की सुविधा:-** कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत बुरहानपुर जिले में जैविक खेती से उत्पादित उत्पादों हेतु प्रत्येक गुरुवार को ष्प्राकृतिक हाट बाजारष् का आयोजन कृषि उपज मंडी शनवारा में किया जाता है। इस हाट बाजार में जिले के किसान अपनी ताजी एवं प्राकृतिक उपज को उचित मूल्य पर विक्रय हेतु लाते है। यहां उपलब्ध उत्पादों में फलए सब्जियां एवं अन्य कृषि उत्पाद शामिल रहते हैंए जिन्हें किसान बिना किसी बिचौलिये के सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं। स्थानीय स्तर पर किसानों को प्रोत्साहन मिलने के साथ.साथ उपभोक्ताओं को भी ताजे एवं शुद्ध उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं।

**पौष्टिक एवं सुरक्षित उत्पाद:-** प्राकृतिक खेती से उत्पादित अनाज,दालें, फल और सब्जियां अधिक पौष्टिक और सुरक्षित होती हैं। किसान इन्हें कम लागत में अपने खेत पर ही तैयार कर सकते हैं। विभाग द्वारा किसानों से अधिक से अधिक संख्या में प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की जा रही हैए ताकि सतत और सुरक्षित कृषि प्रणाली को बढ़ावा मिल सके। यह पहल किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ.साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।